Haryana College Teacher's Association

(Affiliated to AIFUCTO) | Website : www.hcta.in

Dayanand Malik
President
All India Jat Heroes' Memorial College, Rohtak
Mob. 9813763351, 7988023380
E-mail: malikdayanand03@yahoo.com

Dr. Chand Singh
General Secretary
D.A.V.P.G. College(Lahore).Ambala City
Mob. 9354732700
E-mail : chanddav74@gmail.com

Ref. No. HCTA/10/2020/01 *Date* 08/10/2020

सेवार्थ
कुलपति
कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय
कुरुक्षेत्र

विषयः- दो समस्याओं के समाधान के लिए बातचीत का समय देने के लिए अनुरोध।

महोदया ,

हरियाणा कॉलेज टीचर्स एसोसिएशन दो समस्याओं के बारे में आपसे मिलना चाहती है। समस्याएं निम्न हैं

1. हरियाणा कॉलेज टीचर्स एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल विगत 6 अगस्त 2020 को परीक्षाओं के मानदेय के सम्बन्ध में आपसे मिला था। आपने प्रतिनिधिमंडल को यह विश्वास दिलवाया था कि पिछले दो वर्षों का मानदेय शीघ्र ही जारी कर दिया जाएगा। इसके पश्चात 18 सितम्बर को पुनः आपको पत्र लिखकर इस समस्या के शीघ्र समाधान के लिए अनुरोध किया गया था। परन्तु विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा दो माह तक इस पर कोई निर्णय नहीं लिया गया बल्कि 26/8/2020 को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा नोटिस (CT-III2020/7723/7972) जारी किया गया जिसके क्रम संख्या 20 पर यह उल्लेख किया गया है कि शिक्षकों को नियमित और रिअपियर विद्यार्थियों की परीक्षाओं के मानदेय का भुगतान नहीं किया जाएगा। जो कि बिलकुल अनुचित है और इसके कारण शिक्षकों में बहुत रोष है और शिक्षकों का कहना है कि जब विश्वविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों से परीक्षा शुल्क ले लिया गया है तो शिक्षकों का मानदेय क्यों रोका जा रहा है। अतः आपसे निवेदन है कि इस नोटिस के प्वाइंट नम्बर 20 को रद्द किया जाए। आपसे पुनः अनुरोध है कि पिछले वर्षों की बकाया मानदेय राशि को भी बिना विलम्ब के शीघ्र जारी किया जाए।

2. हरियाणा कॉलेज टीचर्स एसोसिएशन ने 4/8/2020 एवं 21/9/2020 को कैरियर एडवांस स्कीम के अन्तर्गत स्क्रीनिंग कमेटी की मीटिंग करवाने के लिए भी आपसे निवेदन किया था। कुरुक्षेत्र

विश्वविद्यालय के डीन ऑफ कॉलेजज द्वारा 25 मार्च, 2020 को स्क्रीनिंग कमेटी की मीटिंग होनी निश्चित हुई थी परन्तु यह मीटिंग अगले आदेश तक रद्द कर दी गई थी। एडिड कॉलेजों के शिक्षकों के प्रमोशन के 100 से अधिक मामले डीन ऑफ कॉलेजज में लम्बित हैं। जिसकी वजह से शिक्षकों में बेचैनी है। हरियाणा कालेज टीचर्स एसोसिएशन यह मांग करती है कि शिक्षकों के प्रमोशन के मामले दो या तीन दिन लगातार स्क्रीनिंग कमेटी की मीटिंग करके निपटाए जाए जैसा कि महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय में होता है। इस सम्बन्ध में आप शीघ्र कार्यवाही करें ताकि शिक्षकों को जो मानसिक तनाव झेलना पड़ रहा है उससे मुक्ति मिल सके।

अतः आपसे विनम्र निवेदन है कि हरियाणा कॉलेज टीचर्स एसोसिएशन को इन दोनों विषयों पर बातचीत करने के लिए शीघ्र आमंत्रित किया जाए।

धन्यवाद सहित

भवदीय

Chand Singh

डॉ चाँद सिंह
महासचिव
हरियाणा कॉलेज टीचर्स एसोसिएशन
9354732700
chanddav74@gmail.com